BIADA

# बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार

प्रथम तल, उद्योग भवन, पूर्वी गाँधी मैदान, पटना–800004

Website-www.biadabihar.in, Email - biada-bih@gov.in, Phone: 0612-2675352/2675296/2675002/2675889(Fax)

पत्रांक 2219/Tech. Comp. No.-257812 दिनांक 19/03/24

प्रेषक,

उप–महाप्रबंधक (तकनीकी),
बियाडा, पटना।

सेवा में,

Ranjan Gayatri Construction Pvt. Ltd.,
Main Road, Sabajipura More,
Khagaul, Patna-801105
Email – rgrksm2010@gmail.com

निबंधित–डाक / ईमेल के माध्यम से

विषय :– **औद्योगिक क्षेत्र औरंगाबाद में अवशेष चहारदिवारी निर्माण कार्य के एकरारनामा को अगले निविदा में भाग लेने से वंचित (Debar) करन के संबंध में।**

प्रसंग :– **बियाडा का पत्रांक 887/Tech दिनांक 24.01.2024 / पत्रांक 1035/Tech दिनांक 29.01.024 / पत्रांक 1824/Tech दिनांक 22.02.2024 / पत्रांक 1943/Tech दिनांक** 02.03.2024 **एवं पत्रांक 2075/Tech दिनांक 11.03.2024 ।**

महाशय,

उपरोक्त प्रासंगिक विषय के संबंध में कहना है कि आपके द्वारा औद्योगिक क्षेत्र औरंगाबाद मे अवशेष चहारदिवारी निर्माण कार्य हेतु दिनांक 03.11.2023 को आपके द्वारा एकरारनामा सं० - 383/F2/2023-24 हस्ताक्षरित किया गया। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि 03.11.2023 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 02.02.2024 थी। कार्य पूर्ण करने की अवधि 3 माह थी जो कि समाप्त हो चुकी है। कार्य की धीमी प्रगति पर पूर्व में भी आपको पत्र के माध्यम से एवं मौखिक निर्देश दिया गया परन्तु आपके द्वारा कार्य के प्रति कोई गंभीरता नही दिखाई जा रही है एवं प्रतिदिन कोई ना कोई बहाना बनाकर कार्य को लंबित किया जा रहा है जो कि अत्यंत ही खेदजनक एवं एकरारनामा की शर्तों का उल्लंघन है। इसी क्रम मे कार्य में बरती जा रही शिथिलता के कारण पत्रांक 1824/Tech दिनांक 22.02.2024 के द्वारा एकरारित राशि का 1% का आर्थिक दंड भी अध्यारोपित किया गया है परन्तु फिर भी कार्य की प्रगति पर आपके द्वारा गम्भीरता नहीं दर्शायी जा रही है। पत्रांक 1943/Tech दिनांक 02.03.2024 के द्वारा सात दिनों के अंदर एवं पत्रांक 2075/Tech दिनांक 11.03.2024 के द्वारा तीन दिनों के अंदर स्पष्टीकरण का जवाब मॉगा गया था परन्तु आपके द्वारा अभी तक कोई जवाब नही दिया गया है।

अतः उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में एकरारनामा के NIT की कंडिका 31 के अनुसार कार्य निष्पादन में चूक एवं समानुपातिक कार्य प्रगति नही होने के कारण आपके निबंधन संख्या BIADA/26/Class-III/2023 को कार्य पूर्ण होने तक अगले निविदा में भाग लेने से वंचित (Debar) किया जाता है।

विश्वासभाजन

19.03.2024

उप-महाप्रबंधक (तकनीकी)
बियाडा पटना।